NCC 36 झारखंड बटालियन

गुरु नानक कॉलेज धनबाद (6/36 coy)

कैंप एडवेंचर कैंप (दर्जलिंग, पश्चिम बंगाल) ,

दिनांक 25/05/2024 से 08/06/2024 तक

राष्ट्रीय कैडेट कोर, NCC के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर एडवेंचर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के विभिन्य बटालियन से कैडेटों ने हिस्सा लिया। बिहार और झारखंड से केवल 6 कैडेटों का चुनाव किया गया था।36 झारखंड बटालियन के Coy 6/36 गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के आदिल खान का चयन किया हुआ जो कॉलेज के लिए गौरव क्षण है। इस कैंप में चयन हेतु आदिल खान ने एनसीसी की विभिन्न गतिविधियों में शिरकत कर उसमें सफलता प्राप्त की तदुपरांत उनका चयन इस एडवेंचर कैंप के लिए किया गया। एनसीसी (नेशनल कैडेट कॉर्प्स) के तहत माउंटटीयरिंग कैंप का आयोजन हर साल किया जाता है, जिसमें कैडेट्स को पर्वतारोहण, सैर-सपाटे और साहसिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस साल का कैंप [दर्जलिंग] में 25/05/2024 से 08/06/2024 तक आयोजित किया गया। इस कैंप का उद्देश्य कैडेट्स में साहस और आत्मनिर्भरता बढ़ाना।टीम वर्क और लीडरशिप कौशल का विकास करना।

प्राकृतिक आपदाओं के प्रति जागरूकता और प्रबंधन के तरीकों का प्रशिक्षण देना। विभिन्य गतिविधियों में पर्वतारोहण: विभिन्न स्तरों के ट्रेल्स पर चढ़ाई की गई, जहां कैडेट्स ने तकनीकी कौशल सीखे।

कैम्पिंग: रात में खुले आसमान के नीचे कैम्पिंग की गई, जिससे आत्मनिर्भरता और समस्या सुलझाने की क्षमताएँ बढ़ीं।

प्रशिक्षण कार्यशालाएँ: पर्वतारोहण सुरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन प्रबंधन पर कार्यशालाएँ आयोजित की गईं।

टीम बिल्डिंग गतिविधियाँ: विभिन्न खेल और चुनौतीपूर्ण गतिविधियाँ टीम वर्क को बढ़ावा देने के लिए की गईं। इस कैंप में अव्वल प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को पुरस्कृत किया गया जिसमें आदिल खान का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन होने पर उन्हें एनसीसी के द्वारा बेस्ट कैडेट के रूप में पुरस्कृत किया गया।

आदिल खान ने कैंप में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने न केवल नए कौशल सीखे बल्कि अपनी सीमाओं को भी चुनौती दी। अधिकांश कैडेट्स ने कहा कि यह अनुभव उन्हें आत्म-विश्वास और मानसिक मजबूती प्रदान करेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य तथा शासी निकाय के सदस्यों ने अंडर ऑफिसर आदिल खान की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

MINISTRY OF DEFENCE
हिमालयन पर्वतारोहण संस्थान
HIMALAYAN MOUNTAINEERING INSTITUTE
DARJEELING - 7 34 101 (W.B.) INDIA.